# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ
## विज्ञापन संख्या–01–परीक्षा/2025
## प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2025
## उत्तर कुंजी (मास्टर सेट)

| | |
|---|---|
| **परीक्षा तिथि : 06-09-2025** | **पाली : प्रथम** |

| | |
|---|---|
| 1. | जो विशेषण अपने विशेष्य की मात्रा या परिमाण के विषय में ज्ञान कराएँ, उसे _______ विशेषण कहते हैं ।<br>**परिमाणवाचक** |
| 2. | 'समय की पहचान' सियारामशरण गुप्त जी की कविता है, जिसमें वे _______ के महत्व के बारे में बताते हैं ।<br>**समय** |
| 3. | 'आदान' का विलोम शब्द _______ है ।<br>**प्रदान** |
| 4. | 'चैत' तद्भव शब्द है, उसका तत्सम शब्द _______ है ।<br>**चैत्र** |
| 5. | 'आँखें दिखाना' मुहावरे का सही अर्थ है<br>**गुस्से में देखना** |
| | **निर्देश (प्र. सं. 6 से प्र. सं. 10) :** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।<br>मैं कभी–कभी सोचता हूँ कि इतने दिनों तक अंग्रेजों की अनुवर्तिता करने के बाद भी भारतवर्ष 'इण्डिपेण्डेन्स' को अनधीनता क्यों नहीं कह सका ? उसने अपनी आजादी के जितने भी नामकरण किये – स्वतन्त्रता, स्वराज्य, स्वाधीनता– उन सब में 'स्व' का बन्धन अवश्य रखा । यह क्या संयोग की बात है या हमारी समूची परम्परा ही अनजान में, हमारी भाषा के द्वारा प्रकट होती रही है ? मुझे प्राणि–विज्ञानी की बात फिर याद आती है – सहजात वृत्ति अनजानी स्मृतियों का ही नाम है । स्वराज होने के बाद स्वभावत: ही हमारे नेता और विचारशील नागरिक सोचने लगे हैं कि इस देश को सच्चे अर्थ में सुखी कैसे बनाया जाय । हमारे देश के लोग पहली बार यह सब सोचने लगे हों, ऐसी बात नहीं है । हमारा इतिहास बहुत पुराना है, हमारे शास्त्रों में इस समस्या को नाना भावों और नाना पहलुओं से विचारा गया है । हम कोई नौसिखुए नहीं हैं, जो रातों–रात अनजान जंगल में पहुँचाकर अरक्षित छोड़ दिये गये हों । हमारी परम्परा महिमामयी, उत्तराधिकार विपुल और संस्कार उज्ज्वल है । हमारे अनजान में भी ये बातें हमें एक खास दिशा में सोचने की प्रेरणा देती हैं । यह जरूर है कि परिस्थितियाँ बदल गयी हैं। उपकरण नये हो गये हैं और उलझनों की माया भी बहुत बढ़ गयी है, पर मूल समस्याएँ बहुत अधिक नहीं बदली हैं । भारतीय चित्त जो आज भी 'अनधीनता' के रूप में न सोचकर 'स्वाधीनता' के रूप में सोचता है, वह हमारे दीर्घकालीन संस्कारों का फल है । वह 'स्व' के बन्धन को आसानी से नहीं |

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| | छोड़ सकता । अपने-आप पर अपने-आप के द्वारा लगाया हुआ बन्धन हमारी संस्कृति की बडी भारी विशेषता है । मैं ऐसा तो नहीं मानता कि जो कुछ हमारा पुराना है, जो कुछ हमारा विशेष है, उससे हम चिपटे ही रहें । पुराने का 'मोह' सब समय वाञ्छनीय ही नहीं होता । मरे बच्चे को गोद में दबाये रहनेवाली 'बँदरिया' मनुष्य का आदर्श नहीं बन सकती । परन्तु मैं ऐसा भी नहीं सोच सकता कि हम नयी अनुसन्धित्सा के नशे में चूर होकर अपना सरबस खो दे । कालिदास ने कहा था कि सब पुराने अच्छे ही नहीं होते, सब नये खराब ही नहीं होते । |
| 6. | लेखकजी कभी-कभी क्या सोचने लगते हैं ?<br><br>**अंग्रेजों की अनुवर्तिता करने के बाद भी भारतवर्ष 'इण्डिपेण्डेन्स' को अनधीनता क्यों नहीं कह सका ?** |
| 7. | मनुष्य ने अपनी आजादी के जितने भी नामकरण किये स्वतंत्रता, स्वराज्य, स्वाधीनता-उन सब में ______ का बंधन अवश्य रखा ।<br><br>**स्व** |
| 8. | लेखकजी को प्राणि-विज्ञानियों की कौन-सी बात याद आती है ?<br><br>**सहजात वृत्ति अनजानी स्मृतियों का ही नाम है ।** |
| 9. | कालिदास ने क्या कहा था ?<br><br>**सब पुराने अच्छे ही नहीं होते, सब नये खराब ही नहीं होते ।** |
| 10. | मरे बच्चे को गोद में दबाये रहनेवाली _______मनुष्य का आदर्श नहीं बन सकती ।<br><br>**बँदरिया** |
| | **निर्देश (प्र. सं. 11 से प्र. सं. 15) :** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।<br><br>दु:ख की श्रेणी में प्रवृत्ति के विचार से करुणा का उल्टा क्रोध है । क्रोध जिसके प्रति उत्पन्न होता है उसकी हानि की चेष्टा की जाती है । करुणा जिसके प्रति उत्पन्न होती है उसकी भलाई का उद्योग किया जाता है । किसी पर प्रसन्न होकर भी लोग उसकी भलाई करते हैं । इस प्रकार पात्र की भलाई की उत्तेजना दु:ख और आनन्द दोनों की श्रेणियों में रखी गई है । आनन्द की श्रेणी में ऐसा कोई शुद्ध मनोविकार नहीं है जो पात्र की हानि की उत्तेजना करे, पर दु:ख की श्रेणी में ऐसा मनोविकार है जो पात्र की भलाई की उत्तेजना करता है । लोभ से, जिसे मैंने आनन्द की श्रेणी में रखा है, चाहे कभी कभी और व्यक्तियों या वस्तुओं को हानि पहुँच जाय पर जिसे जिस व्यक्ति या वस्तु का लोभ होगा, उसकी हानि वह कभी नहीं करेगा । लोभी महमूद ने सोमनाथ को तोड़ा; पर भीतर से जो जवाहरात निकले उनको खूब सँभालकर रखा । नूरजहाँ के रूप के लोभी जहाँगीर ने शेर अफरान को मरवाया पर नूरजहाँ को बड़े चैन से रखा ।<br><br>ऊपर कहा जा चुका है कि मनुष्य ज्यों ही समाज में प्रवेश करता है, उसके सुख और दु:ख का बहुत-सा अंश दूसरों की क्रिया या अवस्था पर अवलम्बित हो जाता है और उसके मनोविकारों के प्रवाह तथा जीवन के विस्तार के लिए अधिक क्षेत्र हो जाता है । वह दूसरों के दु:ख से दुखी और दूसरों के सुख से सुखी होने लगता है । अब देखना यह है कि दूसरों के दु:ख से दुखी होने का नियम जितना व्यापक है क्या उतना ही दूसरों के सुख से सुखी होने का भी । किसी दुखी मनुष्य को सामने देख हम अपना दुखी होना तब तक के लिए बन्द नहीं रखते जब तक कि यह न मालूम हो जाय कि वह कौन है, कहाँ रहता है और कैसा है; यह और बात है कि यह जानकर कि जिसे पीड़ा पहुँच रही है उसने कोई भारी अपराध या अत्याचार किया है हमारी दया दूर या कम हो जाय । ऐसे अवसर पर हमारे ध्यान के सामने वह अपराध या अत्याचार आ जाता है और उस अपराधी या अत्याचारी का वर्त्तमान क्लेश हमारे क्रोध की तुष्टि का साधक हो जाता है ।<br><br>सारांश यह कि करुणा की प्राप्ति के लिए पात्र में दु:ख के अतिरिक्त और किसी विशेषता की अपेक्षा नहीं । |

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 11. | दुःख की श्रेणी में प्रवृत्ति के विचार से करुणा का उल्टा क्या हो सकता है ?<br>**क्रोध** |
| 12. | करुणा जिसके प्रति उत्पन्न होती है, उसके लिए क्या किया जाता है ?<br>**उसकी भलाई का उद्योग किया जाता है।** |
| 13. | किसी पर प्रसन्न होकर भी लोग उसकी भलाई करते हैं। इस प्रकार पात्र की भलाई की उत्तेजना किन श्रेणियों में रखी जाती है ?<br>**दुःख और आनन्द दोनों की** |
| 14. | आनंद की श्रेणी में ऐसा कोई शुद्ध मनोविकार नहीं है जो पात्र की हानि की उत्तेजना करे, पर दुःख की श्रेणी में ऐसा मनोविकार है जो पात्र की ______ की उत्तेजना करता है।<br>**भलाई** |
| 15. | किसकी प्राप्ति के लिए पात्र में दुःख के अतिरिक्त और किसी विशेषता की अपेक्षा नहीं होती है ?<br>**करुणा** |
| 16. | महावीर ने निम्नलिखित में से किस स्थान पर मोक्ष प्राप्त किया (सिद्ध बने) ?<br>**पावापुरी**<br>Mahavira attained moksha (became a Siddha) at which of the following places ?<br>**Pavapuri** |
| 17. | पुरुष सूक्त, जो चार वर्णों की उत्पत्ति की व्याख्या करता है, किस वैदिक ग्रंथ में पाया जाता है ?<br>**ऋग्वेद**<br>The Purusha Sukta, which explains the origin of the four Varnas, is found in which Vedic text ?<br>**Rig Veda** |
| 18. | हड़प्पा सभ्यता किस युग से संबंधित है ?<br>**कांस्य युग**<br>The Harappan Civilization belongs to which age ?<br>**Bronze Age** |
| 19. | बुद्ध ने किस उम्र में परिनिब्बाण (अंतिम मुक्ति) प्राप्त की ?<br>**80 वर्ष**<br>At what age did the Buddha attain Parinibbana (final liberation) ?<br>**80 years** |



Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 20. | आदि पुराण किस तीर्थंकर की संतचरित संग्रह है ?<br>**आदिनाथ**<br>The Adi Purana, is the hagiography of which Tirthankara ?<br>**Adinatha** |
| 21. | बंगाल ब्रिटिश इंडिया सोसाइटी की स्थापना कब हुई थी ?<br>**20 अप्रैल, 1843**<br>The Bengal British India Society was established on<br>**20 April, 1843** |
| 22. | लंदन में ईस्ट इंडियन एसोसिएशन की स्थापना किसके द्वारा की गई थी ?<br>**दादाभाई नौरोजी**<br>East Indian Association in London was founded by<br>**Dadabhai Naoroji** |
| 23. | शिकागो में धर्म संसद का आयोजन किस वर्ष हुआ ?<br>**1893**<br>The Parliament of Religions held at Chicago in which year ?<br>**1893** |
| 24. | अनुशीलन समिति का मुख्यालय कहाँ है ?<br>**कलकत्ता**<br>The headquarter of Anushilan Samiti is at<br>**Calcutta** |
| 25. | भारत के विभाजन को ब्रिटिश सरकार द्वारा स्वीकार किए जाने की घोषणा किसने की थी ?<br>**लॉर्ड माउंटबैटन**<br>Who announced the British Government's acceptance of the partition of India ?<br>**Lord Mountbatten** |
| 26. | विश्व की सबसे लंबी नदी कौन-सी है ?<br>**नाइल**<br>The longest river in the world is<br>**Nile** |

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 27. | निम्न भूजल भंडारण से किस प्रकार की चट्टान संरचना सबसे अधिक जुड़ी हुई है ?<br>**आग्नेय और कायांतरित चट्टानें**<br>Which type of rock formation is most commonly associated with low groundwater storage ?<br>**Igneous and metamorphic rocks** |
| 28. | ऊँट अपने ________ में वसा जमा करता है ।<br>**हम्प**<br>The camel stores fat in its<br>**Hump** |
| 29. | भारत के पश्चिम में कौन–सा सागर स्थित है ?<br>**अरब सागर**<br>Which sea lies to the west of India ?<br>**Arabian Sea** |
| 30. | DTM के किस चरण में सबसे तेज़ जनसंख्या वृद्धि देखी जाती है ?<br>**चरण 2**<br>Which stage of the DTM sees the fastest population growth ?<br>**Stage 2** |
| 31. | अविकसित अर्थव्यवस्था का अर्थ था<br>**वे देश जहाँ प्रति व्यक्ति वास्तविक आय कम है**<br>Meaning of the underdeveloped economy was<br>**Countries in which per capita real income is low** |
| 32. | काम के बदले अनाज कार्यक्रम का पुनर्गठन किया गया और अक्टूबर 1980 से इसका नाम बदलकर ________ कर दिया गया ।<br>**राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार कार्यक्रम**<br>The food for work programme was restructured and renamed as _______ from October, 1980.<br>**National Rural Employment Programme** |
| 33. | अर्थव्यवस्था के अधिशेष को अंतिम उपयोगकर्ताओं तक पहुँचाने और स्थानांतरित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन–सा माध्यम कार्य करता है ?<br>**वित्तीय संस्थान**<br>Which of the following acts as a vehicle for mobilising and transferring the economy’s surplus to the ultimate users ?<br>**Financial institutions** |

| | |
|---|---|
| 34. | किस औद्योगिक नीति प्रस्ताव ने सार्वजनिक क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था में एक रणनीतिक भूमिका प्रदान की ?<br>**औद्योगिक नीति प्रस्ताव 1956**<br>Which Industrial Policy Resolution gave the public sector a strategic role in the Indian economy ?<br>**Industrial Policy Resolution 1956** |
| 35. | एक सामाजिक घटना जिसमें समाज का एक वर्ग अपने जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को भी पूरा करने में असमर्थ होता है, उसे ________ कहा जाता है ।<br>**गरीबी**<br>A social phenomenon in which a section of the society is unable to fulfil even its basic necessities of life is called as<br>**Poverty** |
| 36. | __________ प्रश्न वह है जिसका कोई सदस्य सदन में मौखिक उत्तर चाहता है और जिसे तारांकित चिह्न द्वारा पहचाना जाता है ।<br>**तारांकित**<br>_________ question is one to which a member desire an oral answer in the house and which is distinguished by an asterisk mark.<br>**Starred** |
| 37. | देश के पर्यावरण का संरक्षण और सुधार तथा वनों और वन्य जीवन की सुरक्षा, ________ के अंतर्गत आती है ।<br>**अनुच्छेद 48A**<br>Protection and improvement of environment and safeguarding of forests and wildlife of the country comes under<br>**Article 48A** |
| 38. | भारत का संविधान पहली बार 1928 में ________ द्वारा तैयार किया गया था ।<br>**मोतीलाल नेहरू**<br>The Constitution of India was first drafted by _________ in 1928.<br>**Motilal Nehru** |
| 39. | __________ बाह्य एवं आंतरिक आपातकाल के दौरान लागू होता है ।<br>**अनुच्छेद 359**<br>_________ is applicable during external as well as internal emergency.<br>**Article 359** |
| 40. | भारत के _________ राज्यसभा के पदेन अध्यक्ष हैं ।<br>**उपराष्ट्रपति**<br>___________ of India is Ex-officio Chairperson of Rajya Sabha.<br>**Vice-President** |



Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 41. | निर्वात में प्रकाश की गति और माध्यम में प्रकाश की गति के अनुपात को माध्यम का _________ कहा जाता है ।<br>**अपवर्तनांक**<br>The ratio of speed of light in vacuum to the speed of light in a medium is called the _________ of the medium.<br>**Refractive index** |
| 42. | यदि +4 D शक्ति का एक उत्तल लेंस और –10 D शक्ति का एक अवतल लेंस एक दूसरे के संपर्क में रखा जाता है, परिणामी शक्ति क्या होगी ?<br>**– 6 D**<br>If a convex lens of power +4 D and a concave lens of power –10 D are placed in contact with each other, what will be the resultant power ?<br>**– 6 D** |
| 43. | एसिड को किस पदार्थ से बने बर्तनों में संग्रहित किया जाता है ?<br>**कांच और सिरैमिक**<br>Acids are stored in containers made of which materials ?<br>**Glass and ceramics** |
| 44. | हवा से कौन–सी अम्लीय गैस वर्षा के पानी में घुलकर कार्बोनिक एसिड ($H_2CO_3$) बनाती है ?<br>**कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$)**<br>Which acidic gas from the air dissolves in rainwater to form carbonic acid ($H_2CO_3$) ?<br>**Carbon dioxide ($CO_2$)** |
| 45. | गुड़हल के पौधे का फूल है<br>**उभयलिंगी**<br>The flower of the Hibiscus plant is<br>**bisexual** |
| 46. | $\frac{2}{5}$ प्रतिशत रूप में क्या है ?<br>**40%**<br>$\frac{2}{5}$ in percent form is<br>**40%** |

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 47. | यदि x और y सह-अभाज्य हैं, तो उनका LCM क्या है ?<br>**xy**<br>If x and y are co-primes, then their LCM is<br>**xy** |
| 48. | सबसे बड़ी 3 अंकों की संख्या और सबसे छोटी 2 अंकों की संख्या के बीच का अंतर क्या है ?<br>**989**<br>The difference between the largest 3 digit number and smallest 2 digit number is<br>**989** |
| 49. | यदि 2994 ÷ 14.5 = 172 है, तो 29.94 ÷ 1.45 =<br>**17.2**<br>If 2994 ÷ 14.5 = 172, then 29.94 ÷ 1.45 =<br>**17.2** |
| 50. | कौन-सा बड़ा है : $\sqrt{45}$ या $\sqrt{49}-1$ ?<br>$\sqrt{45}$<br>Which is greater : $\sqrt{45}$ or $\sqrt{49}-1$ ?<br>$\sqrt{45}$ |
| 51. | एक पुरुष का परिचय देते हुए, एक महिला ने कहा "उसकी माँ मेरे पिता की इकलौती बेटी है ।" पुरुष का महिला से क्या संबंध है ?<br>**बेटा**<br>Introducing a man, a woman said "His mother is the only daughter of my father". How is the man related to the woman ?<br>**Son** |
| 52. | यदि 1 जनवरी, 2001 को सोमवार था, तो 31 दिसंबर, 2001 को सप्ताह का कौन-सा दिन था ?<br>**सोमवार**<br>If 1st January, 2001 was Monday, then what day of the week was it on 31st December, 2001 ?<br>**Monday** |
| 53. | मुकेश सुरेश से लंबा है लेकिन राकेश से छोटा है । राकेश हरीश से लंबा है लेकिन अमर से छोटा है । उनमें से सबसे छोटा कौन है ?<br>**निर्धारित नहीं किया जा सकता**<br>Mukesh is taller than Suresh but shorter than Rakesh. Rakesh is taller than Harish but shorter than Amar. Who among them is the shortest ?<br>**Cannot be determined** |



Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 54. | निम्नलिखित में से सर्वथा भिन्न ज्ञात कीजिए ।<br>**पारा**<br>Find the odd one out from the following.<br>**Mercury** |
| 55. | 45 छात्रों की कक्षा में आयुष का रैंक ऊपर से 15 है, तो नीचे से आयुष का रैंक क्या है ?<br>**31**<br>In a class of 45 students, the rank of Ayush is 15 from the top, then rank of Ayush from the bottom is<br>**31** |
| 56. | नई दिल्ली में आयोजित इंडिया ओपन बैडमिंटन 2025 में पुरुष एकल का खिताब किसने जीता ?<br>**विक्टर एक्सेलसेन**<br>Who won the Men's Singles title at the India Open Badminton 2025 held in New Delhi ?<br>**Viktor Axelsen** |
| 57. | फ्यूचर मिनरल्स फोरम (FMF) 2025 कहाँ आयोजित किया गया था ?<br>**रियाद, सऊदी अरब**<br>Where was the Future Minerals Forum (FMF) 2025 held ?<br>**Riyadh, Saudi Arabia** |
| 58. | जनवरी 2025 में कौन-सा देश अधिकारिक तौर पर ब्रिक्स समूह का 10 वाँ पूर्ण सदस्य बना ?<br>**इंडोनेशिया**<br>Which country officially became the $10^{th}$ full member of the BRICS group in January 2025 ?<br>**Indonesia** |
| 59. | पुणे में आयोजित उद्यमिता विकास सम्मेलन 2025 का विषय क्या था ?<br>**उद्यमियों को सशक्त बनाना पशुधन अर्थशास्त्र में बदलाव लाना**<br>What was the theme of the Entrepreneurship Development Conclave 2025 held in Pune ?<br>**Empowering Entrepreneurs Transforming Livestock Economics** |
| 60. | पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर का 100 वर्ष की आयु में किस तिथि को निधन हो गया ?<br>**29 दिसंबर, 2024**<br>Former U.S. President Jimmy Carter passed away at the age of 100 on which date ?<br>**December 29, 2024** |
| 61. | 15 जनवरी, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम द्वारा सिंगापुर के मानद नागरिक पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया ?<br>**तरुण दास**<br>Who was conferred the Honorary Citizen Award of Singapore by President Tharman Shanmugaratnam during a ceremony in New Delhi on January 15, 2025 ?<br>**Tarun Das** |

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 62. | जैविक विविधता (संशोधन) अधिनियम, 2023 कब लागू हुआ ?<br>**1 अप्रैल, 2024**<br>When did the Biological Diversity (Amendment) Act, 2023 come into force ?<br>**1 April, 2024** |
| 63. | 5 जनवरी, 2025 को, भारतीय तट रक्षक बल के लिए निम्नलिखित में से किस शिपयार्ड द्वारा दो स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित तीव्र गश्ती पोत (FPV)–अमूल्य और अक्षय–लॉन्च किए गए ?<br>**गोवा शिपयार्ड लिमिटेड**<br>On January 5, 2025, two indigenously designed and constructed Fast Patrol Vessels (FPVs) – Amulya and Akshay – were launched for the Indian Coast Guard by which of the following Shipyards ?<br>**Goa Shipyard Limited** |
| 64. | आशिया का प्रीमियर खाद्य एवं पेय (एफ एण्ड बी) व्यापार प्रदर्शन इंडसफूड 2025 का 8 वाँ संस्करण कहाँ आयोजित किया गया था ?<br>**इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट लिमिटेड, ग्रेटर नोएडा**<br>Where was the 8th edition of Indusfood Asia's premier Food and Beverage (F and B) Trade Show 2025 organized ?<br>**India Exposition Mart Ltd., Greater Noida** |
| 65. | दिसंबर 2024 में, किस संगठन ने "S.A.F.E. (सिक्यूर, एफोर्डेबल, फ्लेक्सिबल एण्ड एफिशिएंट) एकोमोडेशन : विनिर्माण विकास के लिए श्रमिक आवास" शीर्षक से रिपोर्ट जारी की ?<br>**नैशनल इन्स्टिट्यूशन फॉर ट्रैन्सफॉर्मिंग इंडिया (NITI) आयोग**<br>In December 2024, which organization released the report titled "S.A.F.E. (Secure, Affordable, Flexible and Efficient) Accommodation : Worker Housing for Manufacturing Growth" ?<br>**National Institution for Transforming India (NITI) Aayog** |
| 66. | भारत–पाकिस्तान ने वर्ष 1960 में एक संधि पर हस्ताक्षर किए थे । उस संधि का नाम था<br>**सिंधु जल संधि**<br>The India-Pakistan signed a treaty in the year 1960. The name of that treaty was<br>**Indus waters treaty** |
| 67. | लीबिया की राजधानी क्या है ?<br>**त्रिपोली**<br>What is the capital of Libya ?<br>**Tripoli** |

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 68. | कांगटो भारत की सबसे ऊंची चोटियों में से एक है जो किस राज्य में स्थित है ?<br>**अरुणाचल प्रदेश**<br>Kangto is one of the highest peaks of India is located in which State ?<br>**Arunachal Pradesh** |
| 69. | भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार, संघ की कार्यकारी शक्ति राष्ट्रपति में निहित होगी ?<br>**अनुच्छेद 53**<br>As per which Article of the Indian Constitution, the executive power of Union shall be vested in the President ?<br>**Article 53** |
| 70. | विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस कब मनाया जाता है ?<br>**15 मार्च**<br>World Consumer Rights Day is observed on<br>**March 15** |
| 71. | अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?<br>**जिनेवा**<br>Where is the headquarters of the International Labour Organization (ILO) located ?<br>**Geneva** |
| 72. | विजय स्तम्भ कहाँ स्थित है ?<br>**चित्तौड़गढ़**<br>Vijay Stambh is situated in<br>**Chittorgarh** |
| 73. | देखनी किस भारतीय राज्य का पारंपरिक नृत्य है ?<br>**गोवा**<br>Dekhni is a traditional dance form of which Indian State ?<br>**Goa** |
| 74. | एशियाई खेल कितने वर्षों में एक बार आयोजित होते हैं ?<br>**4 वर्ष**<br>Asian Games are held once in how many years ?<br>**4 years** |
| 75. | चंद्रयान-3 किस वर्ष प्रक्षेपित किया गया था ?<br>**2023**<br>Chandrayaan-3 was launched in which year ?<br>**2023** |




Provisional Answers

| | |
|---|---|
| | **निर्देश (प्र. सं. 76 से प्र. सं. 80) :** निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और प्रश्नों के उत्तर दें । नीचे दिए गए पाई चार्ट पाँच अलग-अलग महीनों यानी जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल और मई में निर्मित कुर्सियों (व्हील और ऑफीस) की कुल संख्या का प्रतिशत वितरण दर्शाता है और साथ ही दिए गए टेबल चार्ट पाँच अलग-अलग महीनों में निर्मित व्हील कुर्सियों की संख्या का ऑफीस कुर्सियों से अनुपात दर्शाता है ।<br><br>**Direction (Q. No. 76 to Q. No. 80) :** Study the following information carefully and answer the questions.<br>The given below pie chart shows the percentage distribution of the total number of chairs (wheel and office) manufactured in five different months i.e. January, February, March, April and May and also given table chart shows the ratio of the number of wheel chairs to office chairs manufactured on five different months. |

**निर्मित कुर्सियों की कुल संख्या = 5000**

**The Total Number of Chairs Manufactured = 5000**




| महीने Months | व्हील कुर्सी की संख्या का ऑफीस कुर्सी के निर्माण से अनुपात The ratio of the number of wheel chairs to office chairs manufactured |
|---|---|
| जनवरी/January | 2 : 1 |
| फरवरी/February | 7 : 3 |
| मार्च/March | 4 : 5 |
| अप्रैल/April | 1 : 1 |
| मई/May | 3 : 2 |

76. जनवरी में निर्मित कुल कुर्सियों में से 20% कुर्सियाँ नहीं बिकीं । यदि जनवरी में नहीं बिकीं गई ऑफीस कुर्सियों की संख्या और व्हील कुर्सियों की संख्या का अनुपात 5 : 4 है, तो जनवरी में बेची गई व्हील कुर्सियों की संख्या ज्ञात कीजिए ।

**780**

Out of the total number of chairs manufactured in January, 20% of the chairs are unsold. If the ratio of the number of office chairs to wheel chairs unsold in January is 5 : 4, then find the number of wheel chairs sold in January.

**780**

Provisional Answers

77. मई में निर्मित व्हील कुर्सियों की संख्या और जनवरी में निर्मित ऑफीस कुर्सियों की संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए ।

**5 : 3**

Find the ratio of the number of wheel chairs manufactured in May to the number of office chairs manufactured in January.

**5 : 3**

78. फरवरी में निर्मित व्हील कुर्सियों की संख्या और अप्रैल में निर्मित व्हील कुर्सियों की संख्या के बीच अंतर ज्ञात करें ।

**450**

Find the difference between the number of wheel chairs manufactured in February and the number of wheel chairs manufactured in April.

**450**

79. यदि जून में निर्मित व्हील कुर्सियों की संख्या, मार्च में निर्मित व्हील कुर्सियों की संख्या का 5/8 है और मार्च और जून में निर्मित ऑफीस कुर्सियों की संख्या का अनुपात 5 : 3 है, तो जून में निर्मित कुर्सियों की कुल संख्या ज्ञात करें ।

**550**

If the number of wheel chairs manufactured in June is $5/8^{th}$ of the number of wheel chairs manufactured in March and the ratio of the number of office chairs manufactured in March and June is 5 : 3, then find the total number of chairs manufactured in June.

**550**

80. अप्रैल में निर्मित ऑफीस कुर्सियों की संख्या फरवरी और अप्रैल में निर्मित कुर्सियों की कुल संख्या के बीच अंतर का कितना प्रतिशत है ?


**50%**

The number of office chairs manufactured in April is what percentage of the difference between the total number of chairs manufactured in February and April ?

**50%**

**निर्देश (प्र. सं. 81 से प्र. सं. 85) :** निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**Direction (Q. No. 81 to Q. No. 85) :** Study the following information carefully and answer the questions given below.




Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 81. | यदि कंप्यूटर का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 20% अधिक है और दुकानदार कंप्यूटर के अंकित मूल्य पर 15% की छूट देता है, तो कंप्यूटर का लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए ।<br>**2%**<br>If the marked price of the computer is 20% more than its cost price and the shopkeeper offers a discount of 15% on the marked price of the computer, then find the profit percentage of the computer.<br>**2%** |
| 82. | यदि सेल फोन के क्रय मूल्य और अंकित मूल्य का अनुपात 3 : 4 है और दुकानदार द्वारा अर्जित लाभ 1,200 रुपये है, तो दुकानदार द्वारा दी जाने वाली छूट ज्ञात कीजिए ।<br>**800 रुपये**<br>If the ratio of the cost price and marked price of the cell phone is 3 : 4 and the profit earned by the shopkeeper is Rs. 1,200, then find the discount offered by the shopkeeper.<br>**Rs. 800** |
| 83. | डाइनिंग टेबल और बुक रैक के अंकित मूल्य का औसत ज्ञात कीजिए ।<br>**8,500 रुपये**<br>Find the average of the marked price of dining table and book rack.<br>**Rs. 8,500** |
| 84. | स्मार्ट वॉच और बुक रैक का विक्रय मूल्य 4 : 5 के अनुपात में है और स्मार्ट वॉच का क्रय मूल्य 4,800 रुपये है । यदि दुकानदार को स्मार्ट वॉच पर उसके अंकित मूल्य का 10% लाभ मिलता है, तो दुकानदार द्वारा बुक रैक पर दी जाने वाली छूट ज्ञात कीजिए ।<br>**250 रुपये**<br>The selling price of smart watch and book rack is in the ratio of 4 : 5 and the cost price of the smart watch is Rs. 4,800. If the shopkeeper gets the profit of the smart watch is 10% of its marked price, then find the discount offered by the shopkeeper on a book rack.<br>**Rs. 250** |
| 85. | डाइनिंग टेबल का विक्रय मूल्य और अंकित मूल्य 4 : 5 है । यदि दुकानदार को 25% का लाभ मिलता है, तो डाइनिंग टेबल का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए ।<br>**6,400 रुपये**<br>The selling price and marked price of the dining table is 4 : 5. If the shopkeeper gets the profit of 25%, then find the cost price of the dining table.<br>**Rs. 6,400** |

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| | **निर्देश (प्र. सं. 86 से प्र. सं. 90) :** दी गई तालिका चार अलग-अलग कंपनियों में कर्मचारियों की संख्या और फाइनैन्स विभाग में पुरुष कर्मचारियों का प्रतिशत, पुरुष और महिला कर्मचारियों का अनुपात दर्शाती है । <br> कंपनियों में दो अलग-अलग विभाग फाइनैन्स और मार्केटिंग हैं । <br> **Direction (Q. No. 86 to Q. No. 90) :** The given table shows the number of employees in four different companies and the percentage of male, ratio of the male to female employees in Finance department. <br> The companies have two different departments Finance and Marketing. |

| कंपनी/ Company | कुल कर्मचारियों की संख्या/ Total number of employees | पुरुष कर्मचारियों का %/ % of the male employees | फाइनैन्स विभाग में कर्मचारियों का %/ % of the employees in Finance department | फाइनैन्स विभाग में पुरुष और महिला कर्मचारियों का अनुपात/ Ratio of the male to female employees in Finance department |
|---|---|---|---|---|
| A | 2000 | 60% | 70% | 4 : 3 |
| B | 2400 | 75% | 50% | 3 : 1 |
| C | 1800 | 50% | 60% | 5 : 4 |
| D | 2800 | 75% | 50% | 9 : 5 |

| | |
|---|---|
| 86. | सभी कंपनियों में पुरुष कर्मचारियों की औसत संख्या क्या है ? <br> **1500** <br> What is the average number of male employees in all the companies together ? <br> **1500** |
| 87. | D में मार्केटिंग विभाग के कर्मचारियों में पुरुष और महिला की कुल संख्या का अनुपात क्या है ? <br> **6 : 1** <br> What is the ratio of the total number of male to female in Marketing department employees in D ? <br> **6 : 1** |
| 88. | C में फाइनैन्स विभाग में पुरुष कर्मचारियों की संख्या D में मार्केटिंग विभाग के कर्मचारियों की कुल संख्या का लगभग कितना प्रतिशत है ? <br> **43%** <br> The number of male employees in Finance department in C is approximately what percent of the total number of employees in Marketing department in D ? <br> **43%** |

Provisional Answers

89. सभी कंपनियों में मार्केटिंग विभाग में पुरुष और महिला कर्मचारियों के बीच क्या अंतर है ?

**1680**

What is the difference between the male and female employees in Marketing department in all the companies together ?

**1680**

90. सभी कंपनियों में फाइनैन्स विभाग में महिला कर्मचारियों की औसत संख्या क्या है ?

**470**

What is the average number of female employees in Finance department in all the companies together ?

**470**

**निर्देश (प्र. सं. 91 से प्र. सं. 95) :** निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें । निम्नलिखित तालिका एक निश्चित वर्ष में 5 विभिन्न किसानों द्वारा उत्पादित फसलों की कुल संख्या (क्विंटल में) दर्शाती है ।

**Direction (Q. No. 91 to Q. No. 95) :** Study the following information carefully and answer the given questions.

The following table shows the total number of crops (in quintal) produced by 5 different farmers in a certain year.

| | **राई/ Rye** | **सरसों/ Mustard** | **जई/ Oats** | **गन्ना/ Sugarcane** | **गेहूँ / Wheat** |
|---|---|---|---|---|---|
| रोशन Roshan | 640 | 920 | 340 | 900 | 300 |
| प्रभाकर Prabhakar | 480 | 580 | 180 | 600 | 440 |
| तेजा Theja | 750 | 660 | 250 | 560 | 650 |
| भार्गव Bhargav | 200 | 1050 | 280 | 840 | 820 |
| कृष्ण Krishna | 260 | 760 | 320 | 720 | 630 |

91. रोशन द्वारा उत्पादित कुल फसलें, भार्गव द्वारा उत्पादित कुल फसलों का लगभग कितना प्रतिशत है ?

**97%**

The total crops produced by Roshan is approximately what percentage of total crops produced by Bhargav ?

**97%**

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 92. | तेजा द्वारा उत्पादित औसत फसलें ज्ञात करें ।<br>**574**<br>Find the average crops produced by Theja.<br>**574** |
| 93. | सभी दिए गए किसानों द्वारा उत्पादित राई और जई के औसत के बीच अंतर ज्ञात करें ।<br>**192**<br>Find the difference between the average of Rye produced to that of Oats produced by all the given farmers together.<br>**192** |
| 94. | सभी किसानों द्वारा उत्पादित कुल सरसों और कुल गेहूँ के बीच अनुपात ज्ञात करें ।<br>**397 : 284**<br>Find the ratio between total Mustard produced to that of total Wheat produced by all the farmers.<br>**397 : 284** |
| 95. | किस किसान ने तीसरी सबसे कम फसलें उगाई ?<br>**तेजा**<br>Which farmer produced third lowest number of crops ?<br>**Theja** |
| 96. | Choose the right answer from the five options given below to frame meaningful sentence.<br>Rama / garden / in / the / be / may<br>**Rama may be in the garden.** |
| 97. | Choose the one word substitution from the five options given below.<br>A group of persons working on a ship or aircraft<br>**Crew** |
| 98. | Fill in the blank with the correct option.<br>What ______________ for breakfast ?<br>**do you usually have** |

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| | **Direction (Q. No. 99 and Q. No. 100) :** Read the following passage and answer the questions by choosing the right option.<br>Time is one of the most valuable resources we have, yet many people struggle to manage it effectively. In today's fast-paced world, students, professionals and even homemakers face numerous tasks every day. Proper time management helps individuals prioritize their activities, meet deadlines and reduce stress.<br>One of the key benefits of managing time wisely is improved productivity. When people plan their day and allocate specific time slots for each task, they tend to achieve more in less time. It also creates a sense of discipline and responsibility.<br>Moreover, effective time management leads to better work-life balance. When tasks are completed on time, individuals can make space for leisure, hobbies and family. This not only boosts happiness but also improves mental well-being.<br>However, poor time management can result in procrastination, missed deadlines and increased anxiety. Developing time management skills requires practice and consistency. Simple habits like creating to-do lists, setting goals, and avoiding distractions can go a long way in making each day more efficient and meaningful. |
| 99. | What is the main purpose of the passage ?<br>**To highlight the importance of time management** |
| 100. | According to the passage, how can individuals start improving time management ?<br>**By creating to-do lists and avoiding distractions** |

Provisional Answers